## संपादकीय

# कॉरपोरेट की जेब में 'आजादी'

एलन मस्क ने ट्विटर को खरीदने के लिए 52 बिलियन डॉलर की रकम आगे कर दी है। फिलहाल, ट्विटर के मौजूदा मालिक मस्क की मंशा को नाकाम करने में जुटे हुए हैं। मस्क ने हाल ही में ट्विटर की करीब 9 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी। फिर उन्होंने पूरी कंपनी खरीदना का प्रस्ताव रखा।

कॉरपोरेट नियंत्रित सोशल मीडिया की आजादी का भ्रम तभी टूटना लगा था, जब सोशल मीडिया कंपनियों ने अमेरिकी शासक वर्ग की इच्छा के मुताबिक राजनीतिक आवाजों को दबाना शुरू कर दिया। सबसे पहले जो हाई प्रोफाइल शख्सियत इसका निशाना बनी, वे डॉनल्ड ट्रंप थे। फिर यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद जिस तरह रूस की बात रखने वाली आवाजों को तमाम सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स से बाहर किया गया, उससे भी यही संकेत मिला कि कॉरपोरेट जगत के हाथ में सोशल मीडिया आजाद नहीं है। अब आजादी की पोल अरबपति एलन मस्क ने खोली है। उन्होंने ट्विटर को खरीदने के लिए 52 बिलियन डॉलर की रकम आगे कर दी है। फिलहाल, ट्विटर के मौजूदा मालिक मस्क की मंशा को नाकाम करने में जुटे हुए हैं। दुनिया के सबसे अमीर शख्स मस्क ने हाल ही में ट्विटर की करीब 9 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी थी। इसके बाद उन्होंने पूरी कंपनी खरीदने के लिए भी एक प्रस्ताव दिया। तब ट्विटर कंपनी के बोर्ड ने एक नई योजना बनाई, जिससे कंपनी में 15 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी खरीदना किसी एक शख्स या संस्था के लिए काफी मुश्किल हो जाएगा। इस योजना को "प्वायजन पिल" नाम दिया गया है। मस्क ने ट्विटर को करीब 43 अरब डॉलर की मार्केट वैल्यू पर खरीदने की पेशकश की थी। उसे कंपनी बोर्ड ने अस्वीकार कर दिया। तब मस्क ने कहा कि वे इस खरीदारी पर 52 बिलियन डॉलर खर्च करने को तैयार हैं। बहरहाल, ट्विट ने भले मस्क के प्रस्ताव को फिलहाल ठुकरा दिया है, लेकिन उससे कंपनी के प्रबंधकों में असंतोष पैदा होने के संकेत हैं। इसके जवाब में ट्विटर ने स्पष्ट किया है कि कंपनी बोर्ड को अगर लगता है कि ट्विटर के अधिग्रहण या हिस्सेदारी खरीदने का कोई प्रस्ताव ट्विटर और उसके शेयरधाकरों के हित में है, तो वो उन प्रस्तावों पर विचार कर सकते हैं। साफ है, मस्क की मंशा आगे चल कर पूरी नहीं होगी, यह अभी कोई नहीं कह सकता। प्रश्न यह है कि ट्विटर चाहे अपने मौजूदा प्रबंधकों के अधीन रहे या मस्क उसे खरीद लें, क्या अब वह ये दावा करने की स्थिति में है कि उसका असल मकसद मुनाफा नहीं, बल्कि सार्वजनिक संवाद का मंच मुहैया कराना है। और अगर वह मुनाफे के हिसाब से आवाजों को बढ़ाने या दबाने में शामिल बनी रहती है, तो फिर उसे 'सोशल' मीडिया क्यों कहा जाना चाहिए?

# जनवरी-मार्च 22 में केवल भारत में ही बढ़ सका इस्पात उत्पादन



**नई दिल्ली ।** विश्व के 10 सबसे बड़े उत्पादक देशों में केवल भारत ने जनवरी से मार्च 2022 की अवधि में उत्पादन में वृद्धि दर्ज की है। यह जानकारी वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन द्वारा जारी किए गए ताजा आंकड़ों में दी गयी है।

केंद्रीय इस्पात मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह ने अपने ट्विटर अकाउंट पर इन आंकड़ों को पेश करते हुए भारतीय इस्पात उद्योग को इस सफलता के लिए शनिवार को बधाई दी।

वर्ल्डस्टील की रपट के अनुसार भारत ने मार्च 2022 में 1.09 करोड़ टन इस्पात का उत्पादन किया जो एक वर्ष पहले इसी माह की तुलना में 4.4 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह इस वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में देश में इस्पात उत्पादन 5.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3.19 करोड़ टन रहा।

भारत दुनिया में इस्पात का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है।

इस्पात के सबसे बड़े उत्पादक चीन का मार्च,22 का उत्पादन एक साल पहले की तुलना में 6.4 प्रतिशत घट कर 8.83 करोड़ टन रहा । इसी तरह इस वर्ष पहली तिमाही में उसका इस्पात उत्पादन पिछले वर्ष इसी अवधि की तुलना में 10.5 प्रतिशत गिर कर 24.34 करोड़ टन रहा।

इसी तरह जापान में जनवरी-मार्च तिमाही में इस्पात का उत्पादन वार्षिक आधार पर 2.9 प्रतिशत गिर कर 2.3 करोड़ टन, अमेरिका में उत्पादन 0.4 प्रतिशत गिर कर 2.03 करोड़ टन, रूस 1.2 प्रतिशत गिर कर 1.87 करोड़ टन, दक्षिण कोरिया में 3.8 प्रतिशत गिर कर1.69 करोड़ टन, जर्मनी में 3.7 प्रतिशत गिर कर 98 लाख टन , तुर्की में 4.7 प्रतिशत गिर कर 94 लाख टन , ब्राजील में इस्पात उत्पादन आलोच्य तिमाही में 2.2 प्रतिशत की गिरावट के साथ 85 लाख टन और ईरान में 4.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 69 लाख टन रहा। भारत ने 2017 में जारी नयी राष्ट्रीय इस्पात नीति में वर्ष 2030 तक इस्पात उत्पादन क्षमता को 30 करोड़ टन तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

श्री सिंह का कहना है कि 2025 तक इस्पात उत्पादन की नयी क्षमता का वर्तमान संयंत्रों के क्षमता विस्तार से जुड़ेगी। उसके बाद ही कुछ नए संत्र स्थापित होंगे। भारतीय इस्पात उद्योग के लिए उत्पादन बढ़ाने के साथ साथ कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण की भी चुनौती है।

# ट्विटर का बड़ा फैसला, प्लेटफॉर्म से मिसलीड करने वाले सभी एड्स को किया बैन



**नई दिल्ली ।** पॉपुलर माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट ट्विटर ने एक बड़ा फैसला लिया है। ट्विटर ने कहा वो वैसे एड्स को अपने प्लेटफॉर्म पर नहीं दिखाएगा जो क्लाइमेट चेंज पर वैज्ञानिक पक्ष को नहीं मानते हैं। इस पॉलिसी को पहले से सर्च इंजन जायंट गूगल ने लागू कर रखा है।

ट्विटर ने अपने एक स्टेटमेंट में बताया कि एड्स की वजह से क्लाइमेट चेंज के बारे में जरूरी बातचीत अलग नहीं होना चाहिए। इसको लेकर माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट ने ये भी बताया कि ये फैसला दिखाता है कि ट्विटर कॉर्बन फुटप्रिंट को कम करने पर काम कर रहा है।

कंपनी के अनुसार, ये फैसला तब लिया गया जब (आईपीसीसी) की चेतावनी वाली रिपोर्ट आई कि ग्रीनहाउस गैम इमिशन को 2030 तक आधा करने की जरूरत है वर्ना तबाही आ सकती है।

ट्विटर ने अपने ब्लॉग पोस्ट में कहा है कि क्लाइमेट चेंज पर क्रेडबिल, ऑथोरिटेटिव जानकारी की जरूरत है। इन जानकारी को सही तरीके से पहुंचाने के लिए वैसे भ्रामक एडवरटाइजमेंट को ट्विटर से हटाया जाएगा जो वैज्ञानिकों की बात को इस पर नहीं मानते हैं।

कंपनी ने कहा उसका मानना है कि क्लाइमेट को बर्बाद करने वाले कंटेंट ट्विटर पर मॉनिटाइज नहीं होने चाहिए। इस वजह से ट्विटर ने क्लाइमेट चेंज पर मिसलीड करने वाले सभी एड्स को बैन कर दिया है। ऐड्स बैन के अलावा कंपनी ने अपने उन फैसलों के बारे में भी बताया जो एनवायरमेंटल फ्रेंडली है।

# हार्दिक पांड्या ने जीत का श्रेय गेंदबाजों को दिया

**मुम्बई ।** गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कोलकाता नाईट राइडर्स से आईपीएल मुकाबले में आठ रन से जीतने के बाद कहा, ईमानदारी से कहूं तो हम गेम को खत्म करने का काफ़ी बढिय़ा रहे हैं। हमारे सभी खिलाडिय़ों ने अहम मौक़ों पर बढिय़ा खेल दिखाया है। उम्मीद करता हूं कि आने वाले मैच से पहले मैं पूरी तरह से फ़िट हो जाऊंगा। आज के मैच में हमने 15-20 रन कम बनाए। अंतिम के ओवरों में हमने काफ़ी कम रन बनाए। हालांकि हमारे गेंदबाज़ों ने काफ़ी शानदार गेंदबाज़ी करते हुए, मैच को हमारे पाले में ला दिया। तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन, मैं बस रसेल की गेंद तक भागा और खुशकिस्मत रहा कि इस कैच को लपक सका। केकेआर इस तरह की टीम है, रसेल अंत तक खड़े थे वह मैच बदल सके थे लेकिन अंत में हम जीत पाए और हम खुश हैं। ड्रेसिंग रूम को देखकर अच्छा लगता है कितना अनुभव है यहां गेंदबाजों के पास।

# फ्यूचर समूह के बैंको की असहमति के चलते अधिग्रहण योजना से पीछे हटा रिलायंस समूह




**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने बिग बाजार और फूड बाजार जैसे स्टोर चलाने वाले किशोर बियानी के नेतृत्व वाले फ्यूचल समूह के खुदरा और लॉजिस्टिक कारोबार को खरीदने के सौदे से हटने की घोषणा की। रिलायंस ने यह फैसला फ्यूचर समूह के बैंको द्वारा समूह के खुदरा स्टोर, वेयर हाउसिंग और लॉजिस्टिक्स कारोबार को बेचने के प्रस्ताव को नामंजूर किए जाने के बाद यह फैसला किया है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अगस्त 2020 में फ्यूचर समूह के करोबार के अधिग्रहण की घोषणा की थी। दोनों को बीच सौदा 24,713 करोड़ रुपये का था। इसके तहत रिलायंस समूह की रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड(आरआरवीएल) द्वारा वियानी के नेतृत्व वाले फ्यूचर समूह के खुदरा और दूसरे कारोबार करने वाली 19 कंपनियों का अधिग्रहण किया जाना था।

इस करार पर फ्यूचर समूह के शेयर धारकों और उसे गारंटीशुदा कर्ज देने वाले बैंको का मत विभाजन बुधवार को कराया गया था और इसके परिणामों की घोषणा फ्यूचर रिटेल ने शुक्रवार को की।

फ्यूचर रिटेल ने शेयर बाजारों को बताया था कि उसे कर्ज देने वले 70 प्रतिशत गारंटीशुदा ऋणदाताओं ने (बैंको ने) कोरोबार रिलायंस समूह को बेचने की योजना के विरोध में मत दिया।

फ्यूचर रिटेल ने बाजारों को कल बताया था कि उसके 85.9 प्रतिशत शेयरधारक रिलायंस के साथ समझौते के पक्ष में थे। उसने यह भी बताया कि कुल मिलाकर उसकी कंपनियों के 78 प्रतिशत शेयरधारक और बिना गारंटी के कर्ज देने वाले सौदे के समर्थन में रहे लेकिन उसे गारंटीशुदा कर्ज देने वाले न्यूनतम 75 प्रतिशत कर्जदाताओं का समर्थन नहीं मिला, जो नियम के अनुसार सौदे की मंजूरी के लिए जरूरी था।

रिलायंस ने शनिवार को सेबी के नियमों के अनुसार बाजार को दी गयी सूचना में कहा कि फ्यूचर समूह की फ्यूचर रिटेल लि.(एफआरएल) और अन्य सूचीबद्ध कंपनियों ने सौदे के बारे में मतदान के नतीजों की सूचना जारी कर दी है।

# आईसीआईसीआई बैंक का चौथी तिमाही का लाभ 60 प्रतिशत उछल कर 7018.7 करोड़ रुपये




**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक ने 31 मार्च 2022 को समाप्त हुए पिछले वित्त वर्ष के चौथी तिमाही में एकल आधार पर 7018.7 करोड़ रुपये का लाभ कमाया। यह एक साल पहले इसी अवधि की तुलना में 59.4 प्रतिशत अधिक है।

पिछले साल इसी तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 4403 करोड़ था।

पूरे वित्त वर्ष के दौरान बैंक का शुद्ध लाभ 23,339 कोरड़ रुपये रहा जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 16,193 करोड़ रुपये की तुलना में 44 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है।

शनिवार को जारी तिमाही परिणामों के अनुसार बैंक को इस दौरान ब्याज से 12,605 करोड़ रुपये की आय हुई, जो वार्षिक आधार पर 20.8 प्रतिशत अधिक है।

बैंक के निदेशक मंडल ने शेयरधारकों को पांच रुपये प्रति शेयर की दर से लाभांश देने की घोषणा की है। बैंक के तिमाही लाभ में उछाल में मुख्य योगदान प्रावधान में भारी कमी का रहा। चौथी तिमाही में बैंको प्रावधानों के मद में 1069 करोड़ रुपये दिखाने पड़े, जिनमें 1025 करोड़ रुपये आकस्मिक प्रावधान के रूप में दिखाया गया है।

चौथी तिमाही में बैंक की ब्याज मार्जिन चार प्रतिशत रही, जो एक साल पहले 3.84 प्रतिशत थी। चौथी तिमाही में बैंक की गैर ब्याज आय, जिसमें सरकारी प्रतिभूतियों के कारोबार की आय भी शामिल है, ग्यारह प्रतिशत बढक़र 4604 करोड़ रुपये रही। इसी दौरान बैंक की फीस से आय 14 प्रतिशत बढक़र 4366 करोड़ रुपये रही।

एकतीस मार्च 2022 को समाप्त वित्त वर्ष में बैंक की कुल जमा 14 प्रतिशत बढक़र 10,64,572 करोड़ रुपये रही, और ऋण कारोबार 17 प्रतिशत बढक़र 8,59,020 करोड़ रुपये था।

मार्च 2022 की समाप्ति पर बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 19.16 था।

# हैदराबाद ने बेंगलुरु को 68 पर ढेर कर मैच नौ विकेट से जीता



**मुम्बई।** मार्को यानसन (25 रन पर तीन विकेट ) और टी नटराजन (10 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को शनिवार को 16.1 ओवर में मात्र 68 रन पर समेट देने के बाद आठ ओवर में एक विकेट पर 72 रन बनाकर एकतरफा जीत हासिल की।

हैदराबाद की यह लगातार पांचवीं जीत है और वह अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है। दूसरी तरफ बेंगलुरु को आठ मैचों में तीसरी हार का सामना करना पड़ा।

हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का सही फैसला किया। मैच के दूसरे ओवर में मार्को यानसन ने तीन शिकार करते हुए आरसीबी की पारी को इतना पीछे धकेल दिया कि वह कभी वापसी ही नहीं कर पाई। पिच में तेज़ गेंदबाज़ी के लिए मदद थी लेकिन यह किसी भी तरीक़े से 68 पर ऑलआउट होने वाली पिच नहीं है। सनराइज़र्स के सभी गेंदबाज़ों ने बढिय़ा गेंदबाज़ी की और विकेटों की बहती गंगा में सभी ने हाथ धोए।

यानसन ने कप्तान फ़ाफ़ डुप्लेसी, विराट कोहली और अनुज रावत को दूसरे ओवर में पवेलियन भेजा। विराट का खाता नहीं खुला। नटराजन ने ग्लेन मैक्सवेल, हर्षल पटेल और वनिंदू हसरंगा का शिकार किया। जगदीश सूचित ने 12 रन पर दो विकेट लिए जबकि भुवनेश्वर कुमार और उमरान मालिक को एक-एक विकेट मिला।

बेंगलुरु के 68 रनों में सुयश प्रभुदेसाई ने 15 और मैक्सवेल ने 12 रन बनाये। बेंगलुरु की पारी में तीसरा सर्वाधिक स्कोर अतिरिक्त 12 रनों का रहा। अन्य कोई बल्लेबाज दहाई की संख्या में नहीं पहुंच सका।

हैदराबाद ने आठ ओवर में एक विकेट पर 72 रन बनाकर 72 गेंद शेष रहते एकतरफा जीत हासिल की।

# द लेडी किलर के लिए मनाली में पहली बार शूटिंग करेंगी भूमि पेडनेकर



बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर मनाली में अजय बहल की फिल्म द लेडी किलर में नजर आएंगी। वे मनाली में शूटिंग की तैयारी में लगी हुई हैं, जिसमें वह अर्जुन कपूर के साथ नजर आएंगी। फिल्म में अर्जुन एक प्लेबॉय का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे, जिसे भूमि से प्यार हो जाता है।

अपनी यात्रा के बारे में बात करते हुए भूमि ने बताया कि, मुझे घूमना अच्छा लगता है। मुझे इस पेशे से बहुत प्यार है, इसमें कई नई जगहों पर घूमने को मिलता है। मनाली में मैंने पहली बार शूटिंग की है।

यात्रा एक कलाकार के रूप में उनके लिए कई पहलुओं को जोड़ती है, उन्होंने आगे कहा एक रचनात्मक व्यक्ति के रूप में मेरी यात्रा मुझे गहराई से प्रेरित करती है। मैं द लेडी किलर को शुरू करने से पहले कड़ी मेहनत कर रही हूं। फिल्म का कंटेट अच्छा है।

मैं अर्जुन के साथ भी पहली बार काम कर रही हूं और मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि हम अजय बहल की पटकथा को जीवंत करने के लिए कैसे भूमिका को परिभाषित करते हैं।

भूमि के पास आने वाले समय में बहुत फिल्में हैं। भूमि अनुभव सिन्हा की भीड़, शशांक खेतान की गोविंदा नाम मेरा, अक्षय कुमार-स्टारर रक्षा बंधन, सुधीर मिश्रा की अफवा और गौरी खान की भक्षक में नजर आएंगी।

# अब 24 जून को रिलीज होगी विजय सेतुपति की फिल्म मां मनिथन



डायरेक्टर सीनू रामासामी की फिल्म मा मनिथन की रिलीजिंग डेट 20 मई की जगह 24 जून हो गई है। फिल्म में एक्टर विजय सेतुपति और गायत्री लीड रोल में है।

प्रॉड्यूसर और एक्टर आर के सुरेश ने इसकी घोषणा ट्विटर पर की। प्रॉड्यूसर ने बताया कि मां मनिथन पूरे तमिलनाडु में कम से कम 400 थिएटर पर रिलीज की जाएगी।

उन्होंने कहा, सभी थिएटर मालिकों और वितरकों से हम तहे दिल से माफी मांगते हैं। फिल्म की रिलीज पोस्टपोन होने की उम्मीद नहीं थी। अभी कुछ दिन पहले ही टीम ने फिल्म का दूसरा ट्रेलर रिलीज किया था। खास बात यह है कि ट्रेलर ने रिलीज की तारीख 20 मई नहीं बताई थी।

## आज का राशिफल

***मेष-*** आज आपको किस्मत का पूरा-पूरा सहयोग प्राप्त होगा। साथ ही कारोबार में आपको अचानक धन लाभ होगा। जीवनसाथी के व्यवहार से आज आप प्रभावित होंगे।

***वृष-*** आज आप परिवार की अपेक्षाओं पर खरे उतरने में कामयाब रहेंगे। किसी जरुरी काम में आज आपको सफलता मिलेगी। इस राशि के मीडिया से जुड़े लोगों के लिये आज का दिन बेहतर रहेगा।

***मिथुन-*** आज बिजनेस के सिलसिले में आपको यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं। आज किसी से बात करते समय आपको विनम्र स्वभाव का प्रयोग करना चाहिए। अगर आप बिल्डर हैं, तो आज आपको बहुत ही सोच-समझ कर निवेश करना चाहिए।

***कर्क-*** आज आप किसी सामाजिक कार्य में अपना हाथ बंटाएंगे। आज आपको दूसरों से अपनी पर्सनल बात शेयर करने से बचना चाहिए। आज किस्मत का साथ मिलने से सारे काम समय से पूरे हो जाएगा।

***सिंह-*** आज आपका बढ़ा हुआ मनोबल किसी जरूरी काम में आपको सफलता दिलाएगा। माता-पिता के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आज आपको कुछ मनोरंजक कार्य करने का मौका मिलेगा।

***कन्या-*** आज आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। किसी अधूरे काम में आज हाथ लगाने से वह जल्द ही पूरा हो जाएगा। कार्यक्षेत्र में बढ़ोत्तरी के लिए आपको नये मौके मिलेंगे। इस राशि के छात्र अगर योजना बनाकर तैयारी करेंगे,तो करियर में उन्नति के अच्छे रास्ते खुलेंगे।

***तुला-*** आज आपके जीवन में कुछ नए बदलाव होंगे। किसी मित्र की सहायता से कोई नया व्यापार शुरू करने का मन बनायेंगे। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने का प्लान बनायेंगे, इससे आपके रिश्ते बेहतर बने रहेंगे।

***वृश्चिक-*** आज किसी खास काम के लिए आपके मन में कोई नया विचार आएगा। बाहर रहकर पढाई कर रहे विद्यार्थियों को सफलता मिलेगी। प्रॉपर्टी के लिये आपको कोई अच्छी डील मिलेगी। राजनीती क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई अच्छा पद मिलेगा।

***धनु-*** आज आपको अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे मौके मिलेंगे। घर के किसी काम को लेकर आप कोई बड़ा फैसला करेंगे। संतान की ओर से आपको अच्छी खुशखबरी मिलने की संभावना है।

***मकर-*** आज कामकाज के मामले में परिस्थिति बेहतर रहेगी। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। आज जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाएंगे, इससे आपके रिश्ते में और मजबूती आएगी।

***कुंभ-*** आज वित्तीय मामलों में समझदारी से काम लेना आपके लिए बेहतर रहेगा। काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद होगा। बिजनेस में नई परियोजनाओं को लागू करने से आपको फायदा होगा।

***मीन-*** आज आपके सोचे हुए सभी काम पूरे हो जाएंगे। किसी नए बिजनेस में पैसा लगाने के बारे में आज आप सोचेंगे। इस राशि के विवाहितों के लिये आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आपको जीवनसाथी से पूरा सहयोग मिलेगा।

## कच्चे आम के रसभरे फूल



आम का मौसम दो से तीन महीने ही होता है। ऐसे में इसका लुत्फ सिर्फ जूस और शेक पीकर ही क्यों लेना। कई और भी दूसरी डिशेज हैं जो जायकेदार होने के साथ ही बनाने में भी आसान हैं।

### सामग्री :

**फूलों के लिए-** 1 कप बेसन, 1/4 टीस्पून हींग, 1/2 टीस्पून अजवाइन, स्वादानुसार नमक, लाल मिर्च पाउडर, 1 टेबलस्पून ऑयल, 2 कप पानी

**रस के लिए-**1 टीस्पून ऑयल, 1 चुटकी हींग, 1 साबुत लाल मिर्च, 1/4 कप भुने हुए कच्चे आम की प्यूरी, 2 टेबलस्पून बेसन, 1/2 टीस्पून हल्दी पाउडर, स्वादानुसार नमक और लाल मिर्च पाउडर, 1 टीस्पून काली सरसों, 7-8 करी पत्ते, 1/2 टीस्पून जीरा, 4 कप पानी, 2 टेबलस्पून गुड़, स्वादानुसार काला नमक

**सजाने के लिए-** मिर्च का तड़का, करी पत्ते

### विधि :

ऑयल छोड़कर फूलों की सभी सामग्री मिलाकर घोल बना लें। घोल को कड़ाही में डालें और लगातार चलाते हुए भूनें। जब घोल कड़ाही छोड़ दे तो चिकनी प्लेट पर उसकी आधा इंट मोटी परत फैला दें और सेट होने दें। सेट होने पर फूल के आकार के सांचे से काटकर गर्म तेल में तलें।

**रस के लिए-** मिक्सी की मदद से बेसन, आम की प्यूरी, नमक, हल्दी, मिर्च पाउडर और पानी का घोल तैयार करें। पैन में तेल गर्म करें और उसमें करी पत्ते, हींग, काली सरसों, जीरा तड़काकर घोल डालें। जब घोल गाढ़ा होने लगे तो उसमें पिसा गुड़ और काला नमक डालकर 2-3 मिनट पकाएं। इस रस में बेसन के फूल डालें और तड़के व करी पत्ते से सजाकर चावल या रोटी के साथ सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 52

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | | | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | | | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 051 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |

## सू-दोकू- 52

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[ख] सकते है। 3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.051का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |